हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद CIN U20299DL 1986NPL023253

EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

"EPCH HOUSE" POCKET 6 & 7, SECTOR - C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110 070

Tel.: +91-11-26135256 / 57 / 58
Fax: +91-11-26135518 / 19

E-mail: mails@epch.com
Web : www.epch.in

## प्रेस विज्ञप्ति

## ईपीसीएच प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ बातचीत के दौरान में एमएसएमई द्वारा आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं का भुगतान 45 दिनों के नियम का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली:- 15 फरवरी'2024 -** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री सैयद जफर इस्लाम के नेतृत्व में हस्तशिल्प निर्यातकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्रीमती निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री, भारत सरकार से मुलाकात की जिनमें हस्तशिल्प निर्यातक भी शामिल हैं। इस मुलाक़ात में आईईएमएल के अध्यक्ष और ईपीसीएच के मुख्य संरक्षक डॉ. राकेश कुमार और मुरादाबाद हस्तशिल्प निर्यातक संघ (एमएचईए) के महासचिव श्री अवदेश अग्रवाल भी उपस्थिति रहे। उन्होंने एमएसएमई द्वारा आपूर्ति किए गए माल को 45 दिनों में भुगतान का एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया, जो एमएसएमई को प्रभावित कर रहा है।

आईईएमएल के अध्यक्ष और मुख्य संरक्षक-ईपीसीएच डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि हालांकि निर्णय का उद्देश्य एमएसएमई को समर्थन देना है, लेकिन प्रारंभिक प्रतिक्रिया अलग है। हस्तशिल्प उद्योग के लिए एमएसएमई को 45 दिनों के भीतर भुगतान करना चुनौतीपूर्ण है, जिसमें क्रेडिट अवधि अक्सर 180 दिनों तक चलती है। उन्होंने आगे कहा कि हस्तशिल्प निर्यात शिपमेंट को गंतव्य बंदरगाह पर पहुंचने में आमतौर पर 90 दिन लगते हैं और भुगतान प्राप्त होने में 90 दिन लगते हैं।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने साझा किया कि हम इस मुद्दे को विभिन्न मंचों पर बहुत लंबे समय से प्रस्तुत कर रहे हैं, 45 दिनों के एमएसएमई खंड को आयकर प्रावधान के साथ जोड़ने से एमएसएमई निर्यातक को व्यय में कटौती का लाभ नहीं मिलेगा। उनकी कर देनदारी बढ़ेगी। मुझे उम्मीद है कि आज की बैठक से कोई सकारात्मक नतीजा निकलेगा, जिससे पूरे हस्तशिल्प क्षेत्र को राहत मिलेगी।

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (एमएचईए) के महासचिव, श्री अवदेश अग्रवाल ने ई-वे बिल जनरेट करने के संबंध में जीएसटी पोर्टल में संशोधन का मुद्दा उठाया, जिसमें व्यापारी तब तक ई-वे बिल जनरेट नहीं कर पाएंगे, जब तक माल उनके पास नहीं आ जाता। इससे जीएसटी चोरी को रोका जा सकता है। उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी प्रकाश डाला, जैसे हस्तशिल्प क्षेत्र को दी जाने वाली आवश्यक अलंकरण, ट्रिमिंग, उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों के शुल्क मुक्त आयात में विद्युत फिटिंग जैसी कुछ वस्तुओं को शामिल करना, हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, RoDTEP दरों पर फिर से विचार करना आदि। .

माननीय मंत्री ने उठाए गए मुद्दों को धैर्यपूर्वक सुना और उन पर गौर किये जाने की बात कही।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के कार्यकारी निदेशक श्री आर.के वर्मा ने बताया कि ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि और होम,जीवनशैली,कपड़ा, फर्नीचर और फैशन आभूषण और सहायक उपकरण के उत्पादन में लगे क्राफ्ट क्लस्टर के लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 30,019.24 करोड़ रुपये (3,728.47 मिलियन डॉलर) रहा।

---

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
श्री आर.के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच
+91-9810679868

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद CIN U20299DL 1986NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
"EPCH HOUSE" POCKET 6 & 7, SECTOR - C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110 070
Tel.: +91-11-26135256 / 57 / 58 E-mail: mails@epch.com
Fax: +91-11-26135518 / 19 Web : www.epch.in

**PRESS RELEASE**

# EPCH DELEGATION RAISES 45 DAYS PAYMENT OF GOODS SUPPLIED BY MSMEs RULE DURING INTERACTION WITH UNION FINANCE MINISTER

**New Delhi:– 15th February'2024** – A delegation of handicrafts exporters led by Mr. Syed Zafar Islam, National Spokesperson BJP met Smt. Nirmala Sitharaman, Union Finance Minister, Govt. of India in presence of Dr. Rakesh Kumar, Chairman IEML & Chief Mentor-EPCH and Mr. Avadesh Aggarwal, General Secretary, Moradabad Handicrafts Exporters Association (MHEA) raised an important issue of 45 days payment of goods supplied by MSMEs which is affecting MSMEs including Handicrafts exporters.

Dr. Rakesh Kumar, Chairman IEML & Chief Mentor-EPCH informed that although the decision is intended to support MSMEs, but the initial response is different. Making payments to MSMEs within 45 days is challenging for the Handicrafts industry, wherein the credit periods often last 180 days. He further added that for handicraft export shipment it usually takes 90 days to arrive at destination port and further 90 days for payment realisation.

Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH shared that we have been representing this issue for a very long time at various forum, the linking of 45 days MSME clause with Income Tax provision would result in non availing of deduction in expenditure by the MSME exporter thus increasing their tax liability. I hope with today's meeting a positive outcome would come, thus relieving the entire handicraft sector.

Mr. Avadesh Aggarwal, General Secretary, Moradabad Handicrafts Exporters Association (MHEA) raised an issue of amendment in GST portal regarding E-way bill generation wherein traders will not be able to generate E-way bill until the goods are inward to them, by this GST evasion can be prevented. He highlighted other issues such as inclusion of some items like electrical fittings in a duty free import of essential embellishment, trimmings, tools and consumables provision which is offered to the handicrafts Sector, Production linked incentive scheme for handicrafts sector, relook at the RoDTEP rates etc.

The Hon'ble Minister gave a patient hearing to the issues raised and they will be looked into.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal agency for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2022-23 was Rs. 30,019.24 Crores (US $ 3,728.47 Million), as informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH.

---

**For more information please contact**:
Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH
+91-9810679868

Encl : Hindi, English version and photos



Photo 1 : EPCH delegation led by Mr. Syed Zafar Islam, National Spokesperson, BJP met Smt. Nirmala Sitharaman, Union Finance Minister, Govt. of India alongwith Dr. Rakesh Kumar, Chairman IEML & Chief Mentor-EPCH and Mr. Avadesh Aggarwal, General Secretary, Moradabad Handicrafts Exporters Association (MHEA).